# जगदीप का खरगोश



चित्रांकन: अनवर हुसैन



जगदीप के पास एक खरगोश था।



जगदीप और खरगोश दोस्त की तरह रहते थे।




जगदीप हर दिन खरगोश को गाजर खिलाता और उसके साथ खेलता।



जगदीप के अन्य दोस्त भी रोज शाम को खरगोश के साथ खेलने आते थे।



एक दिन जगदीप ने देखा, खरगोश उदास है।



दादी ने कहा, ‘इसे आजाद छोड़ दो।
यह खुले में ही खुश रहेगा।’



जगदीप को दादी की बात समझ में आ गयी।



उसने खरगोश को बगीचे में छोड़ दिया।
खरगोश खुश होकर कूदने लगा।



जगदीप भी उसके साथ–साथ कूदने लगा।

# जगदीप का खरगोश

**जगदीप के पास एक खरगोश था। जगदीप और खरगोश दोस्त की तरह रहते थे। जगदीप हर दिन खरगोश को गाजर खिलाता और उसके साथ खेलता। जगदीप के अन्य दोस्त भी रोज शाम को खरगोश के साथ खेलने आते थे। एक दिन जगदीप ने देखा, खरगोश उदास है। दादी ने कहा, 'इसे आजाद छोड़ दो। यह खुले में ही खुश रहेगा।' जगदीप को दादी की बात समझ आ गयी। उसने खरगोश को बगीचे में छोड़ दिया। खरगोश खुश होकर कूदने लगा। जगदीप भी उसके साथ-साथ कूदने लगा।**

**मुख्य शब्द : खरगोश, दोस्त, उदास, बगीचे**

**शिक्षकों के लिए निर्देश:** बिगबुक कहानी की एक बड़ी पुस्तक होती है। इसे मुख्य रूप से शुरुआती कक्षाओं के बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि, प्रिंट चेतना और लिखित पाठ को सुनकर समझने की दक्षताओं विकसित करने के लिए उपयोग किया जाता है। आप बिग बुक के साथ अनेक प्रकार की रोचक गतिविधियाँ कर सकते हैं, जैसे- कहानी पढ़कर सुनाना, शीर्षक, चित्रों और कहानी से संबंधित अनुमान लगाने और समझ विकसित करना, साझा (साथ-साथ) पठन के अनुभव देना, लोगोग्राफिक पठन आदि।

बिग बुक पर व्यवस्थित रूप से किस प्रकार से कार्य किया जाना है, इसके बारे में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (सत्र 2025-2026) की शिक्षण योजनाओं में विस्तार से चर्चा की गई है। आप इन शिक्षण योजनाओं को अवश्य पढ़ें, जिससे सभी बच्चों में बुनियादी भाषा की दक्षताओं पर कार्य किया जा सके।



Copyright © Language and Learning Foundation
All rights reserved.

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT